सुविचार कभी भी उस निवेश को हल्के में मत लो , जो आप अपने आप में करते हो ।

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक -४५ सोमवार –०५/०५/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

**पहलगाम में हुए आंतकी हमले से आहत , आज हमारे पास लिखने को शब्द नही ।**

## भारत ने पाकिस्तान जाने वाली चिनाब नदी का पानी रोक , झेलम नदी का पानी रोकने की तैयारीया ,भारतीय एयरफोर्स चीफ मार्शल पीएम मोदी से मिले ।

पंजाब अमृतसर पुलिस ने दो पाकिस्तानी जासुसो को पकडा है पुलिस के अनुसार दोनो सैन्य छावनी ओर एयरफॉर्स बैस की जानकारी शेयर कर रहे थें।

पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद भारत ने चिनाब नदी का पानी रोक दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है।

उधर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक पीएम और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले (22अप्रैल) को 12 दिन हो चुके हैं।



पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग कर रहे हैं, शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ के साथ मीटिंग की थी। वहीं, पंजाब की अमृतसर पुलिस ने रविवार को 2 जासूसों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि दोनों सैन्य छावनी और एयरफोर्स बेस की इन्फॉर्मेशन और फोटोज विदेश भेज रहे थे। ये दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के ऑपरेटिव हैं।

भारत में इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बैन

भारत में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो का एक्स अकाउंट बैन कर दिया गया है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत विरोधी गतिविधियों और बयानों को देखते हुए की गई है। इमरान अभी जेल में बंद हैं।


असम में पाकिस्तान का समर्थन करने पर अब तक 39 लोग गिरफ्तार

असम में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर अब तक 39 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि देशद्रोहियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## भारत पाक जंग पर इमरान की पार्टी के सांसद शेख मरवत का हस्यस्पद बयान - जंग हुई तो इंग्लैंड चला जाऊँगा ,मोदी मेरी खाला का बैटा हे जो मैरे कहने से जंग रोक देगा।

सांसद पार्टी और उसके नेतृत्व की लगातार आलोचना की वजह से इमरान खान ने उन्हे प्रमुख पदो से हटा दिया था।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच काफी ज्यादा तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तानी नेता कई बार युद्ध की चेतावनी दे चुके हैं। इस बीच पाकिस्तान के एक सांसद ने कहा है कि अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ गया तो वो इंग्लैंड भाग जाएंगे। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य शेर अफजल मरवत से एक पत्रकार ने पूछा कि अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ा तो क्या वो बंदूक लेकर बॉर्डर पर जाएंगे। इस पर मरवत ने कहा– अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ा तो मैं इंग्लैंड चलाजाऊंगा। इसके बाद जब उनसेपूछा गया कि क्या कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तनाव कम करने के लिए पीछे हट जाना चाहिए? इस पर मरवत ने कहा– क्या मोदी मेरी खाला (मौसी) के बेटे हैं कि मेरे कहने से पीछे हट जाएंगे मरवत का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल है। इमरान खान की पार्टी के सदस्य है मरवत – मरवत पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तानतहरीक–ए–इंसाफ के सदस्य है। हालांकि, पार्टी और उसके नेतृत्व की लगातार आलोचना की वजह से इमरान खान ने उन्हें प्रमुख पदों से हटा दिया था। वह खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से ताल्लुक रखते हैं।



## शिवपुरी में युवती से छेडछाछ अपहरण की कोशिश, छः राउन्ड फायरिंग कर भागे अरोपी।

पिता घायल पुलिस बनी पहरे दार ।



शिवपुरी में शनिवार रात एक युवती के अपहरण की कोशिश की गई। परिजन के विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इसमें युवती का पिता घायल हो गया। गांव वाले इकट्ध्डा हुए तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। मामला कोलारस थाना क्षेत्र के सेसई सड़क गांव में शनिवार रात का है। पुलिस के अनुसार, सेसई सड़क में रहने वाला रॉकी लंबे समय से एक युवती पर शादी करने का दबाव डाल रहा है। युवती और उसका परिवार इसके लिए राजी नहीं है। शनिवार दोपहर भी उसने युवती को परेशान किया। युवती के परिजन ने इस पर ऐतराज जताया तो वह मौके से चला गया।

रात में हथियारों के साथ पहुंचे आरोपी – इसके बाद रात करीब 8 बजे रॉकी, उसका पिता लोहरे, उसके दो साथी जोधा सरदार और गुरप्रीत सरदार उर्फ पीतू हथियारों के साथ युवती के घर पहुंचे। उसे जबरदस्ती साथ ले जाने की कोशिश करने लगे। परिजन ने विरोध जताया तो आरोपियों ने हवाई फायरिंग की।

## पाक महिला से शादी करने वाला सीआरपीएफ जवान बोला शादी की जानकारी अधिकारीयों को दी थी।



सीआरपीएफ से बर्खास्त जवान मुनीर ने 24 मई 2024 को पाकिस्तानी मीनल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शादी की थी। पाकिस्तानी महिला से शादी की बात छिपाने के आरोप में ब्त्च्थ् की नौकरी से हटाए दिए मुनीर अहमद ने अपनी सफाई दी है। इंटरव्यू में उसने कहा– 2022 में विभाग से शादी की परमिशन मांगी थी, लेकिन देरी हुई। इसके बाद 24 मई 2024 को पाकिस्तानी मीनल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शादी की। मुनीर ने कहा– शादी की बात अधिकारियों को भी बताई थी। उन्हें सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी दिए थे। जिसमें शादी का कार्ड, शादी की जगह और पत्नी के वीजा से जुड़ी जानकारी थी। दरअसल, 3 मई 2025 को सीआरपीएफ ने मुनीर अहमद को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। सीआरपीएफ ने कहा था– मुनीर ने पाकिस्तानी महिला से शादी की बात छिपाई, गैरकानूनी तरीके से उसे भारत में बिना वीजा के रखा, ये नेशनल सिक्योरिटी के खिलाफ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने को कहा गया था। 30 अप्रैल को मीनल को भी अटारी बॉर्डर ले जाया गया था, लेकिन कानूनी हस्तक्षेप के बाद उसके डिपोर्टेशन पर रोक लगा दी गई थी।

## इजराईल मे हुती मिसाईल अटैक से एयर इंडिया फ्लाइट डायर्वट

300 यात्रीयो के साथ आबुद्द ाबी में उतरी ।



इजराइल के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे, बेन गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इस हमले की वजह से दिल्ली से तेल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 139 को अबू धाबी डायवर्ट करना पड़ा।

हमले के वक्त विमान की लैंडिंग में महज एक घंटा बाकी था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट थ्सपहीजतंकंत24 के मुताबिक, विमान उस समय जॉर्डन के हवाई क्षेत्र में था। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लेन में करीब 300 लोग सवार थे। एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि फ्लाइट ने अबू धाबी में सुरक्षित लैंडिंग की है और उसे जल्द ही दिल्ली लौटाया जाएगा। एअर इंडिया ने कहा है कि जिन यात्रियों ने 3 से 6 मई 2025 के बीच की उड़ानों के लिए टिकट बुक किए हैं, उन्हें अपना टिकट एक बार बदलने की सुविधा या पूरा पैसा वापस पाने का विकल्प दिया जाएगा।

## भोपाल इंदौर ओर खंडवा में ओले गिरे , सात मई तक बदला रहेगा मौसम।

रविवार का भी धुल भरी आँधी चली ।

मध्यप्रदेश में आंधी–बारिश और ओले गिरने का दौर जारी है। रविवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन–जबलपुर समेत 45 जिलों में अलर्ट है। रविवार को भोपाल, इंदौर और खंडवा में बारिश के साथ ओले गिरे। शनिवार को भी भोपाल में धूल भरी आंधी चली, जबकि कई जिलों में बारिश हुई और ओले गिरे थे।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा दो टर्फ भी गुजर रही है। इस वजह से मौसम बदला हुआ है। अगले चार दिन यानी, 7 मई तक प्रदेश में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र


## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in




पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/





(1)

गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/




(2)

होम पेज पर केटेगिरी मे जाए




(3)

ई-पेपर केटेगिरी चुने




(4)


समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।



## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीनी राजदुत जियांग जैडॉन्ग से मिले , भारत से बढते तनाव पर की चर्चा ।

**चीनी राजदुत ने दोने देशो से संयम बरतने और आपसी मतभेद को बातचीत से सुलजाने की अपील की**



*पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से शुक्रवार को चीन के राजदूत जियांग जैडॉन्ग ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चर्चा हुई। चीनी राजदूत ने दोनों देशों से संयम बरतने और आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाने की अपील की। चीन ने हाल ही में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच की मांग की है। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। हमले की चीन ने निंदा भीकी थी। शहबाज शरीफ ने चीन के रुख की तारीफ करते हुए कहा कि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में शांति बनाए रखने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। इससे पहले पाक विदेश मंत्री इशाक डार ने भी चीनी विदेश मंत्री वांग यी से फोन पर बात कर हालात की जानकारी दी थी।*

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## बांग्लादेश में आईएसआई एजेंट भारत के खिलाफ साजिश रच रहें , नॉर्थ ईस्ट में हथियार की सप्लाई बढाने की कोशिश , पाक हाई कमिश्नर ने दो सीक्रेट बैठकें की

**पहलगाँम हमले के बाद आईएसआई खुफिया एजेंसी बांग्लादेश में सक्रिय हो रही है ।**



*पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश में सक्रिय हो गई है। ढाका के पाक उच्चायोग में आईएसआई एजेंट भारत के खिलाफ आतंकी साजिशें रच रहे हैं। बांग्लादेश में पाकिस्तान के हाई कमिश्नर सैयद अहमद मारूफ कट्घ्टरपंथी जमात, हिफाजत और खिलाफत मजलिस के साथ दो बार सीक्रेट बैठकें कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक आईएसआई के मंसूबे भारत के नॉर्थ–ईस्ट राज्यों में अलगाववादियों को हथियारों की सप्लाई बढ़ाने और घुसपैठ के लिए उकसाने के हैं। उधर, पाकिस्तान ने एलओसी पर सातवें दिन भी सीजफायर तोड़कर फायरिंग की। भारतीय सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि कुपवाड़ा, अखनूर और उरी सेक्टर में पाकिस्तानी फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत ने अटारी–वाघा बॉर्डर गुरुवार को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। पिछले 7 दिन के दौरान भारत से 911 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया है।*

## पाक पुर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान में आतंकवाद पालने की बात कबुली , रक्षा मंत्री आसिफ भी कबुल चुके आतंकवाद को सर्मथन बडी गलती

**पाक रक्षा मंत्री आसिफ भी कह चुके की पिछ्ले तीस साल से आतंक वाद का समर्थन कर रहा पाक**




*पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो ने आतंकवाद को पालने की बात कबूली है। एक न्यूज चौनल से बात करते हुए बिलावल ने माना कि पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के साथ मिलकर आतंकी संगठनों को बढ़ावा दिया है। बिलावल ने कहा – यह पाकिस्तान का एक इतिहास और यह किसी से छुपा नहीं है। इसकी वजह से पाकिस्तान को भी नुकसान उठाना पड़ा है और इस समस्या से निपटने के लिए हमने सुधार किए हैं।बिलावल का यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद आया है।*

*बिलावल से पहले आसिफ भी आतंकवाद को बढ़ावा देने की बात कबूल चुके हैं।*

*आसिफ ने कहा था– आतंकियों का समर्थन बड़ी गलती – पाकिस्तान के रक्षामंत्री पिछले हफ्ते एक बयान में कहा था कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह 'गंदा काम' कर रहे हैं।*

## सीआरपीएफ जवान की पाकिस्तानी पत्नी को नही भेजा जाएगा पाकिस्तान कोर्ट ने लगाई रोक ।

**जवान की पत्नी पंजाब के अटार बॉर्डर से वापस लौटी जम्मु**



*जम्मू में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मुनीर खान की पाकिस्तानी पत्नी मीनल अहमद खान को पाकिस्तान डिपोर्ट नहीं किया गया। मंगलवार को उन्हें अमृतसर स्थित अटारी बॉर्डर ले जाया गया था, जहां से उन्हें पाकिस्तान भेजा जाना था, लेकिन कोर्ट से डिपोर्टेशन पर रोक लगा दी।*

*यह राहत बीजेपी प्रवक्ता और एडवोकेट अंकुर शर्मा की ओर से कानूनी दखल के बाद मिली है, जिन्होंने मीनल के पक्ष में जम्मू की भलवाल कोर्ट में अपील दायर की थी। अब मीनल अपने पति और अन्य परिजनों के साथ वापस जम्मू लौट चुकी हैं।9 साल के इंतजार के बाद भारत आई थीं मीनलमीनल अहमद खान की शादी मई 2024 में मुनीर खान से ऑनलाइन हुई थी। वे इस साल मार्च में भारत आईं, उस दौरान उन्हें शॉर्ट टर्म वीजा पर एंट्री मिली। भारत आने से पहले वह 9 वर्षों से इंतजार कर रही थीं। उन्होंने भारत में आने के बाद लॉन्ग टर्म वीजा के लिए आवेदन भी कर दिया था, जिसकी प्रक्रिया गृह मंत्रालय में लंबित थी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मिला डिपोर्टेशन नोटिस 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा निलंबित कर उन्हें वापस भेजने का फैसला किया। इसी क्रम में मीनल को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला था और उन्हें मंगलवार को अटारी ले जाया गया।*

## आस्ट्रेलिया मे फेडरल चुनाव के लिए वोटिंग जारी -अल्बनीज की लैबर पार्टी ओर लिबरल नेशनल गठबंधन में मुकाबला ।

**आस्ट्रेलिया में 28 मार्च को संसद भंग कर दि थी।**




*ऑस्ट्रेलिया में शनिवार को 2025 के फेडरल चुनाव के वोट डाले जा रहे हैं। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला वर्तमान प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी और विपक्षी नेता पीटर डटन के लिबरल–नेशनल गठबंधन के बीच है। ऑस्ट्रेलिया में हमारे देश की तरह ही दो सदन हैं।*

*ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स कहा जाता है। निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए आजवोटिंग होनी है। इसका रिजल्ट 3 मई की रात या फिर 4 मई की सुबह तक आएगा। इसके साथ ही ऊपर सदन की 76 में से 40 सीटों के लिए भी वोटिंग होनी है। इस सदन में चुने गए सदस्यों का कार्यकाल 6 साल होता और हर 3 साल में आधे सदस्य बदल जाते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई।*

## हुती लडाको के समर्थन पर ईरान को अमेरिका की धमकी

**अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा ईरान अच्छी तरह जानता है की अमेरिकी सैना क्या करती है**



*अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यमन में हूती विद्रोहियों को समर्थन देने के लिए उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हेगसेथ ने डोनाल्ड ट्रम्प का एक पुराना बयान भी रिट्वीट किया, जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि हूतियों की तरफ से किए गए किसी भी हमले के लिए ईरान को जवाबदेह ठहराया जाएगा। हेगसेथ ने एक्स पोस्ट में कहा– हम तुम्हारी (ईरान) तरफ से हूती विद्रोहियों को दिए जा रहे समर्थन को देख रहे हैं। हमें अच्छी तरह से पता है तुम क्या कर रहे हो। तुम भी अच्छी तरह जानते हो कि अमेरिकी सेना क्या कर सकती है, तुम्हें चेतावनी दी गई थी। अब तुम्हें हमारी तरफ से चुने गए वक्त और जगह पर इसका अंजाम भुगतना होगा। अमेरिका की यह चेतावनी ऐसे वक्त पर आई है जब उसने हाल ही में उत्तरी यमन पर कंट्रोल रखने वाले हूती विद्रोहियों के खिलाफ सैन्य हमले तेज कर दिए हैं। मार्च से अब तक अमेरिकी सेना ने हूती लड़ाकों के कंट्रोल वाली 1000 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया*

## हार्वर्ड युनिवर्सिटी का टैक्स फ्री दर्जा खत्म करेंगें।

**2.2 अरब डॉलरी की मदद पहले ही रोकी जा चुकी है ।**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स फ्री संस्थान का दर्जा खत्म करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वे इसी के हकदार हैं। इससे पहले हार्वर्ड की 2.2 अरब डॉलर फंडिंग पर रोक लगा चुके हैं। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने यूनिवर्सिटी से यह मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। यूनिवर्सिटी ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में केस भी किया है। यूनिवर्सिटी का आरोप है कि ट्रम्प सरकार राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है।*

# खबरों के लिए लोगिंग करे

# https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है।अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा